# बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

Bihar State Power Transmission Company Limited
(निबंधित कार्यालयः—विद्युत भवन, बेली रोड, पटना)
(Regd. Office: Vidyut Bhawan, Bailey Road, Patna)
CIN-U74110 BR 2012 SGC 018889
Website:www.bsptcl.bih.inc.in
DEPARTMENT OF HR & ADMINISTRATION

कार्यालय आदेश संख्याः— 311 पटना, दिनांकः— 22/08/2025

**T/IV/ PF/P.A.-/1029/2018**

श्री राम साव, तदेन निजी सहायक सम्प्रति आप्त सचिव, संचरण कंपनी मुख्यालय, पटना के आवेदन दिनांक—10.04.2025 द्वारा वर्ष 2023 एवं 2024 के विभिन्न अवधियों में उपभोग किये गये 26 दिनों की आकस्मिक अवकाश अवधि का उपार्जित अवकाश स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया।

श्री साव द्वारा उपभोग किये गये आकस्मिक अवकाश अवधि की समीक्षा की गई एवं समीक्षा के क्रम में पाया गया कि श्री साव द्वारा अनुमान्य 12 दिनों के आकस्मिक अवकाश के स्थान पर वर्ष 2023 एवं 2024 में 25—25 दिनों का आकस्मिक अवकाश उपभोग किया गया। उक्त अवकाश अवधि के भुगतान की अद्यतन स्थिति लेखा शाखा से प्राप्त की गई। लेखा शाखा द्वारा अवगत कराया गया कि संपूर्ण अवकाश अवधि का वेतन भुगतान श्री साव को किया जा चुका है।

तदोपरांत कंपनी के पत्रांक—1059 दिनांक—25.04.2025 द्वारा अनुमान्य आकस्मिक अवकाश अवधि से अधिक उपभोग किये गये अवकाश का स्वीकृति आदेश उपलब्ध कराने हेतु श्री साव से अनुरोध किया गया। तदालोक में श्री साव के अभ्यावेदन दिनांक—22.05.2025 द्वारा उक्त वर्ष में समर्पित अवकाश आवेदनों का छायाप्रति एवं नियंत्री पदाधिकारी के Whatsapp पर लिए गये अवकाश संबंधी संदेश/आवेदन की प्रति इस कार्यालय को उपलब्ध कराया गया।

श्री साव द्वारा उपलब्ध कराये गये साक्ष्यों की पुनः समीक्षा की गई एवं समीक्षोपरांत सक्षम प्रधिकार द्वारा श्री साव से स्पष्टीकरण पूछने का निर्णय लिया गया। तदनुसार, श्री साव के विरूद्ध आरोप—पत्र गठित करते हुए इस कंपनी के पत्राक—1548 दिनांक—24.06.2025 के साथ संलग्न आरोप पत्र पर श्री साव से स्पष्टीकरण पूछा गया। उक्त स्पष्टीकरण का जवाब श्री साव द्वारा दिनांक—27.06.2025 को समर्पित किया गया।

उक्त स्पष्टीकरण के जबाब में श्री साव द्वारा मामले पर खेद प्रकट करते हुए उनके द्वारा अनुमान्य आकस्मिक अवकाश से अधिक अवकाश उपभोग किये जाने की गलती को मानवीय भूल के श्रेणी में रखते हुए उक्त अनाधिकृत उपभोगित अवकाश को उपार्जित अवकाश में समायोजन करने का अनुरोध किया गया। श्री साव द्वारा समर्पित जवाब की सम्यक रूप से समीक्षा की गई एवं समीक्षा के क्रम में सक्षम प्रधिकार द्वारा श्री साव की स्वीकारोक्ति के आधार पर इनपर आरोप पत्र में लगाये गये आरोप को प्रमाणित पाया गया। साथ ही, उनकी सेवानिवृति दिनांक—31.01.2027 के मद्देनजर **"एक वार्षिक वेतन वृद्धि पर असंचयात्मक प्रभाव से रोक"** का शास्ति अधिरोपित करने का निर्णय सक्षम प्रधिकार के स्तर पर लिया गया।

तदनुसार, श्री राम साव, तदेन निजी सहायक सम्प्रति आप्त सचिव, मुख्य अभियंता, संचरण (O&M) कोषांग, कंपनी मुख्यालय, पटना को **"असंचयात्मक प्रभाव से एक वार्षिक वेतन वृद्धि पर रोक"** की शास्ति अधिरोपित की जाती है।

**आदेश :— आदेश दिया जाता है कि इस आदेश की हस्ताक्षरित प्रति श्री राम साव, तदेन निजी सहायक सम्प्रति आप्त सचिव, मुख्य अभियंता, संचरण (O&M) कोषांग, कंपनी मुख्यालय, पटना को उपलब्ध करा दी जाय।**

आदेश से,

ह०/—
(शशिकान्त कुमार)
अवर सचिव

कृ०पृ०उ०

ज्ञापांक–..........................................     पटना, दिनांक–...................................

**प्रतिलिपिः–** अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी /प्रधान आप्त सचिव, बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड, पटना /प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी (मा०सं०/प्रशा०) बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–
**अवर सचिव**

ज्ञापांक–.......2089.......     पटना, दिनांक–...22/08/2025...

**प्रतिलिपिः–** निदेशक (परियोजना)/ निदेशक (परिचालन), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड/ महाप्रबंधक (मा०सं०/प्रशा०), BSPHCL/BSPTCL/SBPDCL/NBPDCL/BSPGCL/ महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/ मुख्य अभियंता, संचरण (O&M)/ सभी उप महाप्रबंधक (मा०सं०/प्रशा०)/ उप सचिव/ सभी अवर सचिव/ वरीय प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/ डाटा बेस एडमिनिस्ट्रेटर/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ प्रशासी पदाधिकारी (ERP) /लेखा पदाधिकारी (स्थापना)/ श्री राम साव, तदेन निजी सहायक सम्प्रति आप्त सचिव, संचरण (O&M) कोषांग, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. डाटा बेस एडमिनिस्ट्रेटर, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना से अनुरोध है कि इस आदेश की प्रति कंपनी के वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा की जाय।

22/8/25

**अवर सचिव**